हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार 18 फरवरी 2026

11 निजी कंपनी की दो बसों में टक्कर, 30 कर्मचारी घायल



12 नप का 42.64 करोड़ का बजट हंगामे के बीच पास



**PACE**
GROUP OF INSTITUTIONS

हरियाणा में झज्जर,झज्जर में पेस,पढ़ाई में है सर्वश्रेष्ठ
झज्जर का पहला इंटरनेशनल एजुकेशनल ब्रांड
Nursery - Class 12
Dropper Batch • Science • Commerce • Humanities

SPECIAL COACHING
IIT, NEET, UPSC, CUET, CA, CLAT, NDA, IMO, KVPY, NTSE, RMO, VVM

ADMISSIONS OPEN FOR 2026-27
CALL: 7419888021

Heartiest Congratulations
हम नहीं हमारा रिजल्ट बोलता है।
(LIMITED SEATS AVAILABLE)

## IIT MAINS RESULTS-2026

### पेस झज्जर या सीकर (क्यों पेस बेहतर हैं?)

1. परिणाम दर आईआईटी एडवांस परीक्षा के लिए पास होने की दर लगभग 7% (NTA) रहती हैं,सीकर में पढने वाले बच्चों की पास होने की दर लगभग 8% रहती हैं | सीकर से कहीं बेहतर है पेस झज्जर (पेस झज्जर का परिणाम दर 37.5% जोकि सीकर के 8% से कहीं अधिक हैं|)
2. तीन साल से स्थिर अध्यापक, सीकर में नियमित बदलते रहते हैं अध्यापक |
3. घर के दरवाजे तक लाने और छोड़ने की सुविधा पुरे शहर में और 80 प्लस गाँवों में बस सुविधा उपलब्ध हैं| (सीकर में बच्चें माता-पिता से दूर पीजी में रहते हैं|)
4. फ़ोन पर कोई कार्य नहीं , एकेडमी में नियमित समाधान कक्षाएँ (सीकर में घर से दूर रहना पडता हैं|)
5. नियमित तौर पर हर महीने PTM की जाती है| ताकि बच्चों की पढ़ाई के बारे में माता-पिता को अवगत कराया जा सके | (सीकर में कोई PTM नहीं होती हैं)

99.40 %ILE RUPESH (KHUNGAI)
99.30 %ILE REYANSH KATARIA (JJR)
99.04 %ILE NEEV (JHAJJAR)
98.70 %ILE MAHAK (JHAJJAR)
98.40 %ILE ABHISHEK (GUDDHA)
98 %ILE VANSHIKA (GOCHHI)
97.25 %ILE TANNU (PAHASOUR)
97.15 %ILE KANCHAN (JHAJJAR)
97 %ILE SIMRAN (JHAJJAR)
96 %ILE NAMIT (KHARMAN)
95 %ILE DIVYA (JHAJJAR)
94 %ILE SAUMAY KADIAN (JJR)
94 %ILE LOKESH (DHAUR)
93 %ILE DEEPANSHU (JHAJJAR)

## CHEMISTRY(%ILE)

PERCENTILE 99.70 MAHAK (JHAJJAR)
PERCENTILE 99.70 RUPESH (KHUNGAI)
PERCENTILE 99.20 REYANSH KATARIA (JJR)
PERCENTILE 99.40 TANNU (PAHASOUR)
PERCENTILE 99 VANSHIKA (GOCHHI)
PERCENTILE 98.80 NEEV (JHAJJAR)
PERCENTILE 98.40 SIMRAN (JHAJJAR)
PERCENTILE 98.40 KANCHAN (JHAJJAR)
PERCENTILE 97.50 ABHISHEK (GUDDHA)
PERCENTILE 96 NAMIT (KHARMAN)
PERCENTILE 95 DIVYA (JHAJJAR)
PERCENTILE 93 ADITYA (JHAJJAR)

## PHYSICS(%ILE)

PERCENTILE 99.50 MAHAK (JHAJJAR)
PERCENTILE 99.10 NEEV (JHAJJAR)
PERCENTILE 99.10 ABHISHEK (GUDDHA)
PERCENTILE 98.60 RUPESH (KHUNGAI)
PERCENTILE 98.60 REYANSH KATARIA (JJR)
PERCENTILE 97.50 SIMRAN (JHAJJAR)
PERCENTILE 96 DEEPANSHU (JHAJJAR)
PERCENTILE 94 NIKHIL (JHAJJAR)

## MATH (%ILE)

PERCENTILE 99 VANSHIKA (GOCHHI)
PERCENTILE 98.60 NEEV (JHAJJAR)
PERCENTILE 98.50 RUPESH (KHUNGAI)
PERCENTILE 98.20 REYANSH KATARIA (JJR)
PERCENTILE 96 KANCHAN (JHAJJAR)
PERCENTILE 96 DIVYA (JHAJJAR)
PERCENTILE 95 ABHISHEK (GUDDHA)
PERCENTILE 94 NAMIT (KHARMAN)
PERCENTILE 94 SAUMAY KADIAN

IIT CRASH COURSE STARTS FROM (13-MARCH-2026)
CLASS 11TH STARS FROM (16-MARCH-26)
NEET CRASH COURSE STARTS FROM (13-MARCH-2026)

Address:-Near Savera School, Arya Nagar, Jhajjar
+91 7419888021,22,23,24,25,26,27,28

**खबर संक्षेप**

## परीक्षाओं के लिए बच्चों का मनोबल बढ़ाएं : राठी

**बहादुरगढ़।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं एवं 12वीं कक्षाओं की बोर्ड परीक्षाओं को लेकर युवा इनेलो नेता भूपेंद्र नफे



सिंह राठी ने सभी परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं। उनके अनुसार अभिभावकों और शिक्षकों को चाहिए कि वे बच्चों का मनोबल बढ़ाएं और सकारात्मक वातावरण बनाए रखें। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि वे आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दें और अफवाहों से दूर रहें। भूपेंद्र ने सभी विद्यार्थियों से कहा कि समय प्रबंधन का ध्यान रखें और स्वस्थ दिनचर्या अपनाएं।

## 582 ग्राम चूरापोस्त सहित आरोपी पकड़ा



झज्जर। पकड़ा गया आरोपी पुलिस टीम के साथ। फोटो : हरिभूमि

**झज्जर।** एसटीएफ की एक टीम द्वारा मादक पदार्थ चूरापोस्त सहित एक आरोपी को पकड़ा गया है। एसटीएफ प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस की एक टीम थाना साल्हावास क्षेत्र में तैनात थी। इसी दौरान पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि कृष्ण निवासी अकेहड़ी मदनपुर जिला झज्जर मादक पदार्थ बेचने का अवैध धंधा करता है। वह मादक पदार्थ बेचने की फिराक में गांव से बाहर मातनहेल की तरफ रोड पर खड़ा है। इस पर कार्रवाई करते हुए एएसआई मुकेश कुमार की टीम ने शक के आधार पर एक व्यक्ति को पकड़ा। पकड़े गए व्यक्ति की नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके कब्जे से चूरापोस्त बरामद किया गया, जिसका वजन करने पर 582 ग्राम पाया गया। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ नियमानुसार मामला दर्ज करते हुए आगामी कार्यवाई अमल में लाई गई है।

## ज्वेलरी शोरूम में वारदात करने वालों का सुराग नहीं




**बहादुरगढ़।** बराही फाटक के निकट डीसी ज्वेलर्स पर हुई चोरी की वारदात अभी तक अनसुलझी है। एक महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी वारदात को अंजाम देने वाले चोर पुलिस के हाथ नहीं लग सके हैं। गत आठ जनवरी की रात को यह वारदात हुई थी। रॉड से शटर उखाड़कर चोर दुकान से नकदी सहित करीब सात लाख के आभूषण चुरा ले गए थे। तब सीसीटीवी फुटेज में छह चोर नजर आए थे। इस संबंध में लाइनपार थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। प्रारंभिक तौर पर आरोपी स्टेशन की ओर भागते दिखाई दिए थे। इसके बाद वे कहां गए, यह अब तक पता नहीं चल सका है। एक महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस है। हालांकि पुलिस का कहना है कि मामले में कई टीमें लगी हुई हैं। जल्द से जल्द मामले को सुलझाने का प्रयास है।

### झज्जर गुरुग्राम मार्ग पर फतेहपुर मोड़ के पास भीषण हादसा

# निजी कंपनी की दो बसों की टक्कर में 30 कर्मचारी घायल, एक गंभीर

**कुछ घायल कर्मचारियों को उपचार के लिए फर्रुखनगर में ले जाया गया, एक को रोहतक पीजीआई रेफर किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। झज्जर

मंगलवार सुबह करीब साढ़े छह बजे कर्मचारियों को लेकंर ड्यूटी के लिए कंपनी पहुंच रही दो बसें आपस में टकरा गईं। यह दुर्घटना झज्जर गुरुग्राम मार्ग पर फतेहपुर मोड़ के नजदीक हुई। दोनों बसें एक ही निजी कंपनी से संबंधित थीं। इस दुर्घटना में दोनों बसों में सवार करीब तीस कर्मचारियों को हल्की चोटें आई जबकि एक को गंभीर हालत के चलते रोहतक के पीजीआई रेफर किया गया।

जानकारी के अनुसार याकूबपुर और फरुखनगर के बीच स्थित निजी कंपनी की बस झज्जर से कर्मचारियों को लेकर कंपनी जा रही थी। जब बस फतेहपुर मोड़ पर पहुंची तो सामने से आ रही एक उसी कंपनी की बस ने टक्कर मार दी। वह बस गुरुग्राम व फरुखनगर क्षेत्र के कर्मचारियों को लेकर कंपनी आ रही थी। घायल कर्मचारियों के अनुसार दोनों बसों में लगभग 40-40 कर्मचारी बैठे थे। घटना के बाद जहां दोनों बसें क्षतिग्रस्त हो गईं वहीं अधिकांश कर्मचारियों को चोटें आईं। कंपनी की गाड़ियों से कुछ कर्मचारियों को फारुखनगर के अस्पताल में दाखिल कराया गया वहीं 22 कर्मचारी उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने पूनम नामक महिला कर्मचारी को गंभीर हालत के चलते प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। शेष को हल्की चोट आईं जिनमें से अधिकांश कर्मचारियों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। अस्पताल में उपचाराधीन फारुखनगर निवासी महिला कर्मचारी करीब पचास वर्षीय राज देवी ने बताया कि दोनों बसों की टक्कर के बाद कंपनी की गाड़ियां ही उन्हें अस्पताल लेकर पहुंची। जाहिदपुर निवासी महिला कर्मचारी प्रमिला व सिलाना निवासी लक्ष्मी ने बताया कि उनको भी हल्की चोटें आई है।



झज्जर। नागरिक अस्पताल परिसर में घायल महिला कर्मचारी से चोटों के बारे जानकारी लेते हुए चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि





**घायल कर्मचारियों में ये रहे शामिल**

नागरिक अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचे कर्मचारियों में अंजलि, सतप्रकाश, जसवंत, कविता, रोहित, संगीता, मंजीत, जफरदीन, रमन, निर्मला, संतोष, प्रीति, गीता, राज देवी, प्रमिला, लक्ष्मण, राकेश, वहीद खान, उर्मिला, सचिन, काजल, शेरअली शामिल रहे। फरुखनगर के अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचने वाले कर्मचारियों में सतीश , मोहम्मद ,महेंद्र, पंकज , अमित व दीपू शामिल है।

## तेज रफ्तार बाइक बच्ची को घसीटते हुए ले गई, अस्पताल में मौत

**बहादुरगढ़।** गांव रोहद में रफ्तार का कहर देखने को मिला। यहां एक तेज रफ्तार बाइक आठ वर्षीय मासूम बच्ची को काफी दूर तक घसीटकर ले गई, जिससे बच्ची की मौत हो गई, जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल है।

■ महिला अपनी बेटी को लेकर सब्जी खरीदने के लिए जा रही थी बाजार

दरअसल, बिहार के समस्तीपुर जिले का निवासी विपिन कुमार यहां रोहद में परिवार सहित किराये पर रहता है। दंपति फैक्ट्री में काम करता है। सोमवार की शाम को उसकी पत्नी ड्यूटी से घर आई। इसके बाद वह अपनी आठ वर्षीय बेटी रवीना के साथ बाजार में सब्जी आदि खरीदने जा रही थी। कमरे से बाहर निकलकर सड़क पर पहुंची ही थी कि इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आ गई। बाइक काफी दूर तक रवीना को घसीटती ले गई। दोनों को गंभीर चोट आई और उन्हें बहादुरगढ़ के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। यहां रवीना को मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मंगलवार को रवीना के शव के पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई गई। वहीं रवीना की मां विपाशा की भी हालत गंभीर बनी हुई है। अस्पताल में मौजूद परिचितों ने बताया कि शाम को रवीना बहुत खुश थी। उसने नए कपड़े पहने थे और कह रही थी कि मम्मी के साथ चाउमिन लेने जाऊंगी। हमें नहीं पता था कि उसके चेहरे की यह आखिरी मुस्कान होगी।

## शिविर में 37 युवाओं ने रक्तदान कर कमाया पुण्य, फार्मेसी अधिकारी ने ब्लड डोनेट किया




झज्जर। ब्लड सेंटर में रक्तदान करते हुए रक्तदाता। फोटो : हरिभूमि

**झज्जर।** स्थानीय नागरिक अस्पताल और रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा अस्पताल स्थित ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। नर्सिंग अधिकारी कविता गुलिया ने बताया कि शिविर में 37 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ, जिसे जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क मुहैया कराया जाएगा। इस दौरान फार्मेसी अधिकारी जगदीप ने भी रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि नागरिक अस्पताल में ब्लड संबंधी कोई समस्या ना हो, इसके लिए समय-समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। इस मौके पर ब्लड सेंटर इंचार्ज डॉक्टर इंद्रा, एमओ डॉक्टर नरेश दहिया, नर्सिंग अधिकारी ममता, लैब टेक्नीशियन सारिका, रेडक्रॉस सोसायटी सदस्य दीपक, राखी, तुलसा, कर्ण, किरण व अंजलि सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## नाहरा-नाहरी रोड पर पाइप लाइन फूटने के कारण कई दिन से ड्रेन में बह रहा पेयजल



**बहादुरगढ़।** शहर में नाहरा-नाहरी रोड स्थित ड्रेन की पुलिया के साथ गुजर रही पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त है। सप्लाई चालू होते ही पानी की बर्बादी शुरू हो जाती है। मंगलवार की दोपहर को भी यह नजारा देखने को मिला। पाइप से काफी प्रेशर के साथ पानी निकलकर ड्रेन में बह रहा था। राहगीर मोहित ने बताया कि वह बीते चंद दिनों से ऐसी स्थिति देख रहे हैं। दो जगह से पाइप फूटा हुआ है और पानी ड्रेन में जाकर बर्बाद हो रहा है। इस तरफ किसी का ध्यान नहीं है। उधर, जनस्वास्थ्य विभाग अभियांत्रिकी विभाग के एसडीई संदीप दूहन ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में अब आया है। कर्मचारियों को मौके पर भेज दिया गया है। जल्द ही पाइप लाइन की मरम्मत कर दी जाएगी।

## रोहतक व दुजाना से जीतकर लौटे विद्यार्थी प्रदर्शनी में शिखा और मानसी द्वितीय रही



**बहादुरगढ़।** राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ के विद्यार्थियों ने रोहतक व दुजाना में हुई प्रतियोगिताओं में श्रेणियों में शीर्ष स्थान प्राप्त किए हैं। रोहतक में हुई स्टेट लेवल की प्रदर्शनी में शिखा और मानसी दूसरे नंबर पर रहे। जबकि दुजाना में वैष्णवी और रिंकी प्रथम, रिंकी दूसरे व मोंटी भी द्वितीय स्थान पर रहा। प्राचार्य दलबीर सिंह ने सभी विजेताओं का भव्य स्वागत किया। रोहतक के पंडित नेकीराम राजकीय महाविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में सहायक प्रोफेसर डॉ. विकास यादव के पर्यवेक्षण में शिखा और मानसी ने मनोविज्ञान विषय में दूसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने अपने मॉडल के जरिए मानव जीवन पर सोशल मीडिया के असर को दिखाया और इसके नुकसानदायक असर को कम करने के तरीके बताए। दुजाना के राजकीय महाविद्यालय में आयोजित अंतर-महाविद्यालय सांस्कृतिक महोत्सव में सहायक प्रोफेसर डॉ. अनुराधा और डॉ. विकास यादव की देखरेख में समूह नृत्य में वैष्णवी और रिंकी ने प्रथम पुरस्कार जीता। एकल नृत्य में रिंकी ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। एकल गायन में मोंटी ने द्वितीय पुरस्कार जीता। प्रिंसिपल ने कॉलेज के सांस्कृतिक समिति संयोजक डॉ. राजीव आसीवाल व सह-संयोजक डॉ. विनोद कुमार को बधाई देते हुए अन्य छात्रों को प्रेरित किया।

## शोरूम के बाहर कार खड़ी कर हंगामा करने और मारपीट का आरोप

**बहादुरगढ़।** रोहतक-दिल्ली रोड पर स्थित एक कार शोरूम के बाहर युवक ने हंगामा कर दिया। युवक पर गाड़ी सड़क के बीच लगाकर हंगामा करने व मारपीट करने का आरोप है। आरोपी ने इसी शोरूम से ही यह कार खरीदी थी। आरोपों की सत्यता जांच का विषय है। सेक्टर-6 थाना पुलिस मामले में छानबीन कर रही है।

**सांखोल निवासी बनीश राठी ने शिकायत दर्ज करवाई**

पुलिस को दी शिकायत में सांखोल के निवासी बनीश राठी का कहना है कि वह कार शोरूम में टीम लीडर है। सोमवार को शोरूम में काम कर रहे थे। इसी दौरान शाम करीब चार बजे सोनू नाम का युवक एक कार लेकर शोरूम के बाहर आया। उसने हमारे यहीं से वह कार खरीदी थी। कार को सड़क के बीच खड़ी करके वह गाली गलौज करने लगा। समझाने की कोशिश की तो नहीं माना और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। फिर हम जब वापस शोरूम में जाने लगे तो रास्ता रोककर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद कार की छत पर चढ़कर हंगामा किया। इतना ही नहीं, हमारे कर्मचारी कमल व आनंद के साथ मारपीट की। बीच बचाव करने लगा तो मुझ पर भी हमला कर दिया। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उधर, सेक्टर 6 थाना पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर मामले में छानबीन शुरू कर दी गई है।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर निकाली रैली

■ वैश्य बीएड कॉलेज का गांव बामड़ोली में कैंप शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बहादुरगढ़

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा मंगलवार को गांव बामड़ोली में सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ हुआ। स्वयंसेविकाओं ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर रैली निकाल कर समुदाय व गांव के लोगों को जागरूक किया। चेयरपर्सन सरोज राठी, प्रधान श्रीनिवास गुप्ता व प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा आदि ने हरी झंडी दिखाकर जागरुकता रैली को रवाना किया। शिविर के पहले दिन बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरुकता कार्यक्रम का उद्घघाटन नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने दीप प्रज्वलित कर किया। पदाधिकारियों ने पौधा एवं प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया। सरोज राठी ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ केवल एक अभियान नहीं, बल्कि समाज को जागरूक और सशक्त बनाने का संकल्प है। जब बेटियां शिक्षित और सुरक्षित होंगी, तभी परिवार, समाज और राष्ट्र प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगा। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्राओं के व्यक्तित्व और चरित्र का विकास करना कैंप का प्राथमिक उद्देश्य है। बहादुरगढ़ शिक्षा सभा के प्रधान श्रीनिवास गुप्ता ने कहा कि नैतिक मूल्यों का हमारे जीवन में अत्यंत महत्व है। स्वयंसेवक समाज को बेहतर जगह बनाने में योगदान करते हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ अन्नू शर्मा ने बताया कि यूथ फॉर माय भारत और डिजिटल साक्षरता पर आधारित शिविर में स्वयंसेविकाओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण संरक्षण, कैशलेस लेनदेन, सड़क सुरक्षा तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आदि विषयों पर जागरूक किया जाएगा। स्वयंसेविकाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए कबाड़ से जुगाड़, मोमबत्ती बनाने, कपड़े के बैग सिलने आदि प्रशिक्षण भी दिए जाएंगे। रैली, नुक्कड़ नाटक, घर घर जाकर, पोस्टर, स्लोगन आदि द्वारा ग्रामीणों को जागरूक करेंगे।




बहादुरगढ़। जागरूकता रैली को रवाना करती चेयरपर्सन व कॉलेज पदाधिकारी।

## गलती का सुधार और प्रायश्चित अत्यंत आवश्यक : अतुल कृष्ण



**बहादुरगढ़।** परोपकारी सभा श्री सनातन धर्म महावीर मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक श्री अतुल कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने बताया कि यदि गलती का समय पर सुधार और प्रायश्चित न किया जाए, तो वह पाप की श्रेणी में आ जाती है। मंगलवार को कथा सुनाते हुए श्री धाम वृंदावन वाले हित चरण श्री अतुल कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने कहा कि मनुष्य से गलती होना स्वाभाविक है, लेकिन समय रहते उसका सुधार और प्रायश्चित अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अपनी त्रुटियों को स्वीकार करना और उनके लिए पश्चाताप करना आध्यात्मिक उन्नति के लिए महत्वपूर्ण है। कथाव्यास ने द्वापर युग का उदाहरण देते हुए कहा कि धर्मराज युधिष्ठिर ने सूर्यदेव की उपासना करके अक्षयपात्र प्राप्त किया था। उन्होंने यह भी बताया कि हमारे पूर्वजों ने सदैव पृथ्वी का पूजन और रक्षण किया, जिसके बदले प्रकृति ने मानव की रक्षा की।

# पूर्व मंत्री को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

■ स्वर्गीय मांगेराम नंबरदार के पुत्र सतीश नंबरदार ने लगवाया भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बहादुरगढ़

मंगलवार को शहर के 5-बिसवा जटवाड़ा मोहल्ला में हनुमान जी का विशाल भंडारा श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व मंत्री स्वर्गीय मांगेराम नंबरदार के पुत्र सतीश नंबरदार द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया और पूर्व मंत्री को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

भंडारे की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना और हनुमान चालीसा पाठ के साथ हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण किया गया। पूरे मोहल्ले में भक्ति गीतों और जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम में पूर्व सांसद केसी त्यागी, विधायक राजेश जून, पूर्व विधायक नरेश कौशिक, संजय कबलाना, पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, सतीश छिकारा, जसवंत राठी, जयविरेंद्र दलाल, देवेन राठी, पार्षद संदीप अहलावत, हरिमोहन धाकरे, सिकंदर, अनिल सिंगल, कर्मबीर शर्मा, नरेश राठी, बार एसोसिएशन के प्रधान रविन छिल्लर और अधिवक्ता राजदीप छिल्लर समेत अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। सभी ने स्वर्गीय मांगेराम नंबरदार के सामाजिक व राजनीतिक योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने क्षेत्र के विकास और जनसेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सतीश नंबरदार, कार्तिक राठी, राहुल राठी व गौरव राठी ने सभी अतिथियों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।



बहादुरगढ़। भंडारे में पहुंचे पूर्व सांसद केसी त्यागी व विधायक राजेश जून । फोटो : हरिभूमि

### छारा कॉलेज में वार्षिक कल्चरल फेस्ट का आगाज

# छात्राओं ने हाथों पर लगाए मेहंदी के सुंदर डिजाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बहादुरगढ़

छारा के राजकीय महाविद्यालय में आयोजित वार्षिक कल्चरल फेस्ट के प्रथम दिन उत्साह और रचनात्मकता का अनूठा संगम देखने को मिला। महाविद्यालय परिसर रंग-बिरंगी गतिविधियों से सराबोर रहा और छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम शुरू होने के बाद मेहंदी प्रतियोगिता, वेस्ट मेटेरियल से बेस्ट प्रोडक्ट निर्माण और क्ले आर्ट जैसी गतिविधियों का आयोजन हुआ। मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने हाथों पर आकर्षक और पारंपरिक डिजाइनों के साथ-साथ आधुनिक कलात्मक पैटर्न उकेरे। वेस्ट मेटेरियल से बेस्ट प्रतियोगिता में छात्राओं ने अनुपयोगी वस्तुओं को उपयोगी और सजावटी उत्पादों में बदलकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पुराने अखबार, प्लास्टिक बोतलें, कार्ड बोर्ड और अन्य कबाड़ सामग्री से सुंदर सजावटी आइटम, पेन स्टैंड, शोपीस और घरेलू उपयोग की वस्तुएं तैयार की गईं। मिट्टी से विभिन्न आकृतियां, पारंपरिक कलाकृतियां और सामाजिक संदेश देती प्रतिमाएं बनाकर छात्राओं ने कला कौशल का प्रदर्शन किया। प्रो. अश्वनी कुमार ने बताया कि सांस्कृतिक गतिविधियां न केवल आत्मविश्वास बढ़ाती हैं, बल्कि रचनात्मक सोच और टीमवर्क की भावना को भी प्रोत्साहित करती हैं।



बहादुरगढ़। प्रतियोगिता में लगाई मेहंदी दिखाती छात्राएं व स्टॉफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**रोहतक के गांव बलंभा में हुई थी स्पर्धा**

# पंचायती फुटबॉल प्रतियोगिता में मेहंदीपुर डाबोदा की टीम विजयी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बहादुरगढ़

रोहतक के बलंभा गांव में हुई पंचायती फुटबॉल प्रतियोगिता बहादुरगढ़ के गांव मेहंदीपुर डाबोदा की टीम ने जीत ली। फाइनल में मेहंदीपुर ने हिसार की टीम को शिकस्त देकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। विजेता टीम का गांव में पहुंचने पर जोरदार अभिनंदन किया गया। गत 13 से 15 फरवरी तक बलंभा में पंचायती फुटबॉल प्रतियोगिता हुई थी, जिसमें प्रदेश की 32 टीमों ने भाग लिया। गांव मेहंदीपुर डाबोदा टीम ने प्रतियोगिता में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में बलंभा को शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में हिसार को 2-0 के अंतर से हरा दिया।

आयोजकों की ओर से टीम को ट्रॉफी व 31 हजार की इनामी राशि दी गई। इस टीम का खिलाड़ी विनीत दलाल प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। विजेता टीम का गांव मेहंदीपुर डाबोदा तथा महाराजा सूरजमल स्कूल में अभिनंदन किया गया।

पूर्व डीजीपी रंजीव दलाल ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कोच प्रदीप ने कहा कि सभी खिलाड़ी बेहद होनहार हैं। इनमें पांच खिलाड़ी सूरजमल स्कूल के हैं। इन्होंने बेहतरीन खेल के बूते ट्रॉफी जीती है।



## खबर संक्षेप

### भाजपा नेता सैनी ने सुनीं समस्याएं

**बहादुरगढ़।** भाजपा नेता जसबीर सैनी ने मंगलवार को शास्त्री नगर में आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों से समाधान का आग्रह किया। स्थानीय निवासी अशोक कुमार, ऋतिक कौशिक, रमेश, सुखबीरी देवी, भरपाई देवी, कृष्ण कुमार व राकेश ने बताया कि कई दिनों से सीवर व्यवस्था ध्वस्त है। बिजली का खंभा गिरने वाला है। कई पात्र लोग पेंशन से वंचित हैं। गंदा पानी भरा रहता है। स्ट्रीट लाइट व्यवस्था ठप है। पूर्व पार्षद जसबीर सैनी ने संबंधित अधिकारियों से बात करने के बाद जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

### महिला के मर्डर की गुत्थी बनी अनसुलझी पहेली

**बहादुरगढ़।** सूर्या नगर में महिला का शव मिलने का मामला पुलिस के लिए अनसुलझी पहेली बना हुआ है। तीन सप्ताह बीत जाने के बाद भी मामले में स्थिति जस की तस है। वारदात का सुलझना तो दूर, शव की शिनाख्त भी नहीं हो सकी है। दरअसल, गत 27 जनवरी की रात को सांखोल के निकट स्थित सूर्या नगर की झाड़ियों में महिला का शव गली सड़ी अवस्था में मिला था। करीब 20 दिन पुराने शव को पशु द्वारा नोंचा गया था। निर्धारित समयावधि के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव का दाह संस्कार करवा दिया था। मामले की तह तक जाने के लिए पुलिस ने गहनता से जांच की लेकिन कोई ठोस सुराग नहीं लगा। महिला की उम्र करीब 35 वर्ष आंकी गई। उसे किसने किस तरह तथा कहां मारा, ये सवाल कायम हैं। अनसुलझी पहेली बनकर रह गया है।

### तृतीय श्री श्याम निशान यात्रा 22 फरवरी को

**झज्जर।** श्याम दुलारे मित्र मंडल के तत्वावधान में आगामी 22 फरवरी को श्री श्याम निशान यात्रा निकाली जाएगी। श्री श्याम निशान यात्रा के आयोजक जगदीश कटारिया ने बताया कि हरिपुरा स्थित श्रीराम धर्मशाला से रविवार सुबह 11 बजे तृतीय श्री श्याम निशान यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। निशान यात्रा के द्वारा लोगों को धार्मिक भावना के साथ जोड़ा जा रहा है। श्री श्याम भक्तों को निशान यात्रा को लेकर काफी उत्साह है। यह शोभायात्रा हरिपुरा मोहल्ला से प्रारंभ होकर मढ़ी दुर्गा माता मंदिर, सिलानी गेट, तीन मूर्ति मंदिर, बाबा बालकनाथ मंदिर, अंबेडकर चौक, नेताजी सुभाष चौक, डायमंड चौक, हनुमान मंदिर, मां वैष्णो चौक से होते हुए श्रीराम मंदिर में संपन्न होगी।

*जिप बैठक में हुई वार्डों के विकास व बजट वितरण को लेकर चर्चा*

# प्रत्येक वार्ड में विकास के लिए केवल चार लाख रुपये, बजट का इंतजार

- पार्षदों ने जताया रोष, पिछली बैठक में पास हुए प्रस्तावों पर भी कोई काम नहीं हुआ


झज्जर। बैठक के दौरान उपस्थित जिप चेयरमैन और पार्षद चरचा करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को जिला परिषद की बैठक में वार्डों के विकास कार्य व बजट वितरण को लेकर चर्चा की गई। जिला परिषद के चेयरमैन कप्तान बिरधाना की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में पार्षदों द्वारा पिछली बैठक में पास हुए प्रस्तावों पर अभी तक काम शुरू न किए जाने पर नाराजगी जताई तो चेयरमैन ने जवाब देते हुए कहा कि 84 लाख रुपये में से प्रत्येक वार्ड को मात्र 4 लाख रुपये ही मिलेंगे। ऐसे में कोई बड़ा या प्रभावी काम कर पाना संभव नहीं है। जब तक अतिरिक्त बजट नहीं आता, तब तक इस राशि का वितरण करना व्यावहारिक नहीं होगा। दस वार्ड के पार्षद भोलू ने कहा कि पिछली बैठक में पास कई प्रस्ताव ऐसे हैं जिन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। पार्षद संजय दलाल ने कहा कि लंबे समय से ठेकेदारों का भुगतान नहीं हो रहा है, जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

**गांव में प्राथमिकता के आधार पर लगाए जाएंगे वाटर कूलर**

*परिषद में गर्मी को देखते हुए गांवों में वाटर कूलर लगाने की योजना पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि 76 वाटर कूलर उपलब्ध हैं, जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर उन गांवों में लगाया जाएगा, जहां अभी तक वाटर कूलर नहीं हैं। इस दौरान चेयरमैन कप्तान बिरधाना ने पार्षदों से कहा कि वीबी जीरामजी योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक कार्य प्रस्तावित करें।*

# बाल विवाह की रोकथाम के लिए प्रेरित किया


झज्जर। मार्केट कमेटी परिसर बेरी में बाल विवाह मुक्ति रथ के साथ उपस्थित कार्यकर्ता व कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि


हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था द्वारा आयोजित बाल विवाह मुक्ति रथ यात्रा ने मंगलवार को बेरी क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पहुंच कर लोगों को बाल विवाह की रोकथाम के लिए जागरूक किया। एसडीएम रेणुका नांदल ने इस अभियान की सराहना करते हुए कहा कि बाल विवाह के खिलाफ समाज को एकजुट होना पड़ेगा। बच्चों को उनके अधिकार मिलना बहुत जरूरी है। मार्केट कमेटी बेरी के सचिव विद्या सागर व नगर पालिका के चेयरमैन देवेंद्र उर्फ बिल्लू पहलवान ने भी सभी से एकजुट होकर बाल विवाह मुक्त जिला बनाने में सहयोग देने की बात कही। इस मौके पर जिला समन्वयक मनोज कुमार, कार्यकर्ता पूनम, विश्व हिंदू परिषद के धार्मिक आयाम के प्रांत प्रमुख पीताम्बर शर्मा, सहायक राजस्व अधिकारी राजेश खत्री, सहायक पुलिस आयुक्त अनिल कुमार, वीरेंद्र कादियान, व्यापार मंडल बेरी के प्रधान राजवीर राठी सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# सूरज स्कूल का जेईई मेन्स में बेहतरीन परिणाम



**महेंद्रगढ़।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई मेन्स की परीक्षा में सूरज स्कूल के विद्यार्थियों का परिणाम बेहतरीन रहा। संस्था निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि इस परीक्षा परिणाम में सर्वाधिक रिया गुप्ता ने 99.96, आयुष धीमान ने 99.29, आदित्य ने 99.20, हर्ष गुलाटी ने 99.16, अक्षज खंडेलवाल ने 98.96 पर्सेंटाइल अंक हासिल कर विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में भावेश ने 98.61, आर्शिया सिंह ने 98.50, जिज्ञासु ने 98.31, चेतन्य ने 98.30, भूपेश कुमार ने 98.25, प्रियांश पाठक ने 97.98, प्रथम ने 97.90, तरूण ने 97.9, शिनू राठी ने 97.78, कुशाग्र अग्रवाल ने 97.63, सिद्धार्थ दांगी ने 97.6, लव शर्मा ने 97.51, सिद्धांत कुमार सिंह ने 96.85, अगस्त्य सिंह गंगवार ने 96.8, सोहम कुच्छल ने 96.75, नंदनी ने 96, श्रद्धानन्द कुमार ने 95.8, प्रिंस कुमार ने 95.29, पीयूष ने 95.1, मुकुल राठी ने 95.09, तन्मय ने 95, दिया फौजी ने 94.27, अबीर कुमार ने 94.24, कुणाल यादव ने 94.08, खुशी चौधरी ने 93.9, हर्षल फोसी ने 93.56, हर्ष यादव ने 93.38, लिजा ने 93.11, रितिक ने 93.04, हर्ष चौधरी ने 92.8, भावेश ने 92.76, हर्ष देव ने 92.76, तन्वी ने 92.67, आर्यन ने 91.76, हिमांशी ने 91.72, हिमांशु मीना ने 91.72, मयंक ने 91.71, रोहित ने 91.69, दीक्षा चौधरी ने 90.73, विकास ने 90.67, युवराज ने 90.63, यश कुमार ने 90.62, महक शर्मा ने 90.30, किट्टू ने 90.1, योगेश ने 90 सहित अन्य बहुत से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने श्रेष्ठतम पर्सेंटाइल अंक हासिल कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया किया। निदेशक संदीप प्रसाद ने इस ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करने पर सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षको को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होने बताया कि सूरज के विद्यार्थियों ने शिक्षा एवं विज्ञान के क्षेत्र में बहुमुखी आयाम स्थापित कर जिले को पूरे हरियाणा में नई पहचान दिलाई है।


झज्जर। विधायक कुलदीप वत्स को ज्ञापन सौंपते हुए ठेका कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# बेरोजगार ठेका कर्मचारियों ने रोजगार बचाने को सौंपा ज्ञापन

- बिजली निगम के 106 कर्मचारियों ने एचकेआरएनएल में शामिल करने की गुहार लगाई
- कर्मचारी कई वर्षों से लगातार जोखिमपूर्ण व तकनीकी कार्य करते रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

ठेका समाप्त होने के चलते उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीन बहादुरगढ़ क्षेत्र में कार्यरत 106 कर्मचारी बेरोजगार हो गए हैं। उन्होंने डीसी व बादली विधायक कुलदीप वत्स को ज्ञापन देकर उन्हें हरियाणा कौशल रोजगार निगम में शामिल करने की गुहार लगाई। कर्मचारियों ने विधायक कुलदीप वत्स को सौंपे ज्ञापन में बताया है कि वे सभी कर्मचारी कई वर्षों से लगातार जोखिमपूर्ण व तकनीकी कार्य करते रहे हैं। ठेका समाप्त होने के चलते वे सभी बेरोजगार हो गए हैं। उन्हें ठेका प्रथा से मुक्त कर एचकेआरएनएल या डीसी रेट कर्मचारियों में समायोजित किया ताकि वे अपनी आजीविका चल सकें। इस मौके पर सत्यनारायण, अरविंद, सोनू, राहुल, चंद्रशेखर, रविंद्र कुमार, सुनील कुमार, अमन, रमेश, संदीप, अजीत सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# खाद्य एवं पोषण सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए किया जागरूक



झज्जर। कृषि मेले में किसानों को संबोधित करते हुए एसडीएम अंकित कुमार चौकसे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव बिठला में मंगलवार को जिला प्रशासन तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय कृषि मेला एवं किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खाद्य एवं पोषण सुरक्षा को बढ़ावा देने तथा पोषक मोटे अनाज जैसे बाजरा, कौडो, ज्वार, रागी, कंगनी व कुट्टु के उत्पादन व उपयोग पर विशेष बल दिया गया। एसडीएम अंकित कुमार चौकसे ने बतौर मुख्यातिथि कृषि मेले का शुभारंभ किया। उन्होंने एग्री स्टैक फार्मर आईडी की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भविष्य में कृषि से संबंधित सेवाएं, सामग्री एवं अनुदान राशि किसान आईडी के माध्यम से ही प्रदान की जाएगी।

# जेईई मेन में आरपीएस के 44 विद्यार्थियों ने रचा इतिहास



**महेंद्रगढ़।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई मेन के परीक्षा परिणाम में आरपीएस ग्रुप के 44 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल व इससे अधिक अंक प्राप्त कर एक नया इतिहास रचा हैं। आरपीएस के मयंक कुमार ने 99.96 व भव्य सतिजा ने 99.95 परसेंटाईल प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया है। गौरतलब है कि पूर्व में भी आरपीएस के कृष्ण कुमार ने क्लैट में ऑल इंडिया कैटेगरी रैंक वन, इंटरनेशनल जूनियर सांईस ऑलम्पियाड में भव्या गुनवाल व आदिश जैन ने गोल्ड मेडल व इंटरनेशनल कॉमर्स ऑलम्पियाड में राहुल व अंशु ने इंटरनेशनल रैंक वन व पूर्वा सिंह ने सीयूईटी में ऑल इंडिया रैंक थ्री प्राप्त की थी। एक बार पुनः आरपीएस ग्रुप ने साबित कर दिखाया कि जेईई-आईआईटी, नीट-मेडिकल, एनडीए-एसएसबी, क्लैट, यूपीएससी, सीए, सीयूईटी, सीएस, ओलम्पियाड एवं सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतरीन परिणाम दिए। आरपीएस ग्रुप सीईओ इंजी मनीष राव ने बताया की मयंक कुमार ने 99.96 परसेंटाइल, भव्य सतिजा ने 99.95, सुमित यादव ने 99.92, आर्यन श्योराण ने 99.89, विनित कुमार ने 99.89, उत्सव कुमार ने 99.85, नैतिक अग्रवाल ने 99.82, प्रतुष सिंह ने 99.79, आर्यन भाद्वाज ने 99.77, खुशी अग्रवाल ने 99.72, रूद्रबल ने 99.72, ईशांत ने 99.67, वैभव महता ने 99.66, प्रिया चौधरी ने 99.63, रिजुल ने 99.61, अंशु ने 99.6, तनमय यादव ने 99.59, रजत मंथीया ने 99.57, मयंक ने 99.56, झलक ने 99.52, रमन लाम्बा ने 99.46, आयुष अग्रवाल ने 99.44, शौर्य शर्मा ने 99.42, काव्या ने 99.41, आयुष कुमार ने 99.39, पंकज कुमार ने 99.37, परिधी जैन ने 99.33, नमन ने 99.32, आदित्य ने 99.30, अंश ने 99.27, लता ने 99.26, शिवम ने 99.25, साहिल ने 99.18, हिमांशु यादव ने 99.17, युवराज वशिष्ठ ने 99.13, चिराग यादव ने 99.13, रिदम ने 99.13, खुशी ने 99.12, फ्रियांशी सिंगला ने 99.07, रोहित ने 99.06, जतिन ने 99.03, सिशांत यादव ने 99.03, अगसत्य ने 99.03, शिखर यादव ने 99.02 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया।

## एडीसी ने एग्री स्टैक फार्मर आईडी की समीक्षा की


झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक निर्देश देते हुए एडीसी जगनिवास।

**झज्जर।** मंगलवार को एडीसी जगनिवास ने जिले के राजस्व विभाग व कृषि सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेते हुए एग्री स्टैक आईडी, पेपरलेस रजिस्ट्री, जमाबंदी, ततीमा कटिंग, भू नक्शा स्टेटस सहित अन्य राजस्व संबंधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी एग्री स्टैक सहित राजस्व संबंधित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए और किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न हो। इससे पहले वीसी के माध्यम से राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्तायुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने जिला अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वीसी के उपरांत एडीसी जगनिवास ने अधिकारियों से कहा कि नागरिकों से जुड़े कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरे किए जाएं, ताकि आमजन को समय पर सेवाएं मिल सकें।

# स्किल डेवलपमेंट मिशन कार्यक्रम में एचकेआरएन कर्मचारियों को दिया जाएगा 120 घंटे का प्रशिक्षण

- इस प्रशिक्षण उपरांत कर्मचारियों के काम करने की प्रक्रिया में कुशलता आएगी



झज्जर। प्रशिक्षण स्थल परिसर में उपस्थित प्रशिक्षणार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

स्किल डेवलपमेंट मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड में कार्यरत डेटा एंट्री ऑपरेटर्स व क्लर्कों को कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। योजना के अंतर्गत जेडप्लस कंप्यूटर सेंटर में दिए जा रहे इस निःशुल्क प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों को उनकी ड्यूटी समयानुसार कुल 120 घंटे प्रशिक्षण दिया जा जाएगा। संस्था संचालक मंदीप शर्मा ने बताया कि इस प्रशिक्षण उपरांत कर्मचारियों के काम करने की प्रक्रिया में कुशलता आएगी। प्रशिक्षणार्थियों में टेक्निकल एजुकेशन डिपार्टमेंट से संदीप देवल, लोक निर्माण विभाग से निंदोष कुमार, पब्लिक हेल्थ एंड इंजीनयरिंग से जगप्रवेश, डीआईटीएस से रविंद्र कुमार, नगर परिषद से शिव नारायण, विजय, अजय कुमार, अमरपाल, भूपेंद्र सिंह, भीम प्रकाश, दीपक, कौशल, राजन, राजेश कुमार सहित अन्य कर्मचारी शामिल हैं।

**189 लाभार्थियों को कुल 343 सहायक उपकरण प्रदान किए**

# दिव्यांगों में वितरित किए सहायक उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। दिव्यांगों को सहायक उपकरण प्रदान करते हुए अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

एपीसीपीएल पावर प्लांट झाड़ली द्वारा सीएसआर पहल के अंतर्गत मंगलवार को दिव्यांगों में सहायक उपकरण वितरित किए गए। नई अनाज मंडी चरखी दादरी में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायक साधन उपलब्ध कराकर उन्हें दैनिक जीवन में अधिक स्वावलंबी बनाना है। इस दौरान 189 लाभार्थियों को कुल 343 सहायक उपकरण प्रदान किए गए जिनका चयन भारत सरकार के उपक्रम एलिम्को द्वारा आयोजित परीक्षण शिविरों के माध्यम से किया गया था। समारोह में डीसी चरखी दादरी डॉक्टर मुनीश नागपाल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की जबकि समारोह की अध्यक्षता एपीसीपीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिलीप कईबोंत्ता ने की। इनके अलावा विशिष्टातिथि के रूप में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी चंडीगढ़ के उपाध्यक्ष अंकुश मिगलानी ने शिरकत की। समारोह में दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, फोल्डिगं व्हील चेयर, वॉकर, टीएलएम किट, बीटीई, रोलटोर, कृत्रिम अंग, बैसाखी, टेटरापोड जैसे विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण प्रदान किए गए।

## राहगीरों में वितरित किया कढ़ी चावल का प्रसाद


झज्जर। राहगीरों में कढ़ी चावल का प्रसाद वितरित करते हुए समिति सदस्य।

**झज्जर।** अमावस्या सेवा समिति द्वारा मंगलवार को सीताराम गेट स्थित महर्षि वाल्मीकि चौक पर राहगीरों में कढ़ी-चावल का प्रसाद वितरित किया गया। समिति सदस्य रमेश गुर्जर ने बताया दुकानदारों के आपसी सहयोग से प्रत्येक अमावस्या पर प्रसाद वितरण किया जाता हैं। हिंदू धर्म में दान को सर्वोच्च पुण्यकर्म माना गया है। फाल्गुन अमावस्या पर अन्नदान को महादान बताया गया है। इस दिन किसी को भोजन कराना और जरूरतमंदों की सहायता करना विशेष पुण्यकारी माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन किए गए पितृ कर्मों से पितर प्रसन्न होते हैं और अपने वंशजों को आशीर्वाद प्रदान करते हैं। इस दौरान जयभगवान बिड़लान सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### 25वीं वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता आज

**बहादुरगढ़।** बादली के चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में बुधवार 18 फरवरी को खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्य आनंद काद्यान ने बताया कि कॉलेज में 25वीं खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यार्थी बढ़चढ़कर भाग लेंगे। मुख्यातिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य रणबीर काद्यान व विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व प्राचार्य डॉ एसएन शर्मा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करेंगे।

**सूचना**

मैं, तकदीरो पत्नी स्व. कृष्ण सिंह निवासी नया गांव, बरकताबाद, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा पुत्र टींकू मेरे कहने सुनने से बाहर है और उसने दूसरी शादी कर ली है। मैं उससे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उसके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। टींकू अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का उससे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

## खबर संक्षेप

### वार्ड-13 उपचुनाव को लेकर मतदाता सूची संशोधन के आदेश जारी

**झज्जर।** डीसी जगनिवास द्वारा हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग की अधिसूचना 16 फरवरी तथा हरियाणा नगर पालिका चुनाव नियम, 1978 के नियम-3 में दिए गए प्रावधानों के अनुरूप झज्जर नगर परिषद के वार्ड संख्या-13 के उपचुनाव के लिए मौजूदा फोटो आधारित मतदाता सूचियों के संशोधन के आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेशों के तहत एसडीएम अंकित कुमार चौकसे को संशोधन प्राधिकारी तथा तहसीलदार शेखर को सहायक संशोधन प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। उपायुक्त ने निर्देश दिए हैं कि नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी तथा संबंधित कर्मचारी संशोधन प्राधिकारी और सहायक संशोधन प्राधिकारी को आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे।

### अग्निपथ योजना के तहत एक अप्रैल तक करें ऑनलाइन आवेदन

**झज्जर।** सेना भर्ती कार्यालय रोहतक द्वारा अग्निपथ योजना तथा रेगुलर एंट्री के तहत भर्ती वर्ष 2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 13 फरवरी से आरंभ हो चुकी है, जो एक अप्रैल तक चलेगी। अभ्यर्थी निर्धारित अवधि के दौरान आधिकारिक पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू.ज्वाइनइंडियन आर्मी.एनआईसी.इन पर आवेदन कर सकते हैं। सेना भर्ती कार्यालय रोहतक के निदेशक ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया दो चरणों में आयोजित की जाएगी। प्रथम चरण में ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित लिखित परीक्षा तथा द्वितीय चरण में भर्ती रैली आयोजित होगी। अभ्यर्थियों के लिए वेबसाइट पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है तथा एक अप्रैल के बाद पोर्टल बंद कर दिया जाएगा।

### आंबेडकर सभा की एजीएम 15 मार्च को

**बहादुरगढ़।** आंबेडकर सभा बहादुरगढ़ की जनरल बॉडी मीटिंग रविवार 15 मार्च को बुलाई गई है। अंबेडकर सभा बहादुरगढ़ के महासचिव सुभाष सरोहा ने बताया कि एजीएम में सभा द्वारा पिछले वर्ष दौरान किए गए कार्यकलापों का अवलोकन व आय व्यय के बारे विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में बाबा साहब की 135वीं जयंती के बारे में रूपरेखा तैयार की जाएगी।

### विराट हिंदू सम्मेलन 22 फरवरी को

**झज्जर।** भगत सिंह बस्ती द्वारा आगामी 22 फरवरी को शहर के सीताराम गेट स्थित राव मंगलीराम पार्क में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन की अध्यक्षता बाबा प्रसाद गिरी मंदिर के महंत परमानंद गिरी महाराज, मृत्युंज्य गिरी महाराज, जगपाल दास महाराज, गोपाल नाथ महाराज, रमेश गिरी महाराज व अजय दास महाराज द्वारा की जाएगी। सम्मेलन में कलश यात्रा, मातृ-पितृ, भजन, गीत व भारत माता की आरती आकर्षण का केंद्र रहेगी।

## झज्जर नगर परिषद की बजट बैठक में जमकर हंगामा, पार्षद, अधिकारी व चेयरमैन हुए आमने-सामने

# कूड़ा निपटान पर विधायक ने उठाए सवाल, विजिलेंस जांच की मांग, विधानसभा में भी उठाएंगी मामला

**42.64 करोड़ रुपये का बजट हंगामे के बीच पास**

*पार्षदों व कांग्रेस विधायक भुक्कल ने अधिकारियों को घेरा, एडीसी को कहा-आप फोन नहीं उठाते, डीसी उठा लेते हैं*

*पार्षदों ने कहा-मेंटेनेंस का पैसा बचा हुआ लेकिन नहीं हो रहे मरम्मत के काम*

तपस्वी शर्मा ▶▶ झज्जर

नगर परिषद की बजट बैठक में मंगलवार को जमकर हंगामा हुआ। पूरी बैठक में पूर्व मंत्री एवं स्थानीय कांग्रेस विधायक गीता भुक्कल तल्ख तेवर में दिखाई दी और आंकड़ों के हिसाब से अधिकारियों के साथ उलझती रही। कई मुद्दों पर अधिकारी बैकफुट पर दिखाई दिए और स्थिति यह रही कि अधिकारी जवाब तक नहीं दे पाए। उन्होंने शहर में कूड़े के निपटान की विजिलेंस जांच की मांग करते हुए यह मुद्दा विधानसभा में उठाने की बात कही। मीटिंग में जब एडीसी के साथ-साथ डीएमसी का चार्ज देख रहे जगनिवास नहीं पहुंचे तो विधायक ने फोन कर उन्हें बुलाया। इस दौरान कई बार चेयरमैन और पार्षद आमने-सामने हुए और तीखी बहस भी हुई। वार्ड 19 की पार्षद ने बंदर नहीं पकड़े जाने का मुद्दा उठाया और एडीसी के फोन न उठाने पर हंगामा किया। कई पार्षदों ने भी अधिकारियों के फोन न उठाने का मामला उठाया। लंबी बहस और तल्खी के बाद शहर के विकास के लिए 42 करोड़ 64 लाख 35 हजार रुपये का बजट पास हुआ।

### विधायक ने होम सेक्रेट्री को किया फोन

विधायक ने जब एडीसी को फोन किया तो उन्होंने चंडीगढ़ में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग अटेंड करने की बात कही। विधायक ने होम सेक्रेटरी को फोन कर झज्जर का नंबर पहले करने की बात कही। इसके बाद एडीसी मीटिंग में पहुंचे। गीता भुक्कल ने कहा कि चेयरमैन की अध्यक्षता में मीटिंग जरूर हो रही है, लेकिन डीडी पॉवर डीएमसी और ईओ के पास है। ऐसे में बजट कैसे पास हो सकता है। उन्होंने सरल शब्दों में कहा कि चेयरमैन साहब हमारे बड़े हैं और सम्मानीय हैं, लेकिन पॉवर नहीं होने के कारण असहाय दिख रहे हैं और अपने अधिकारियों का बचाव कर रहे हैं।



**झज्जर।** नप की बैठक में चेयरमैन जिले सिंह सैनी से उलझते पार्षद टेकचंद गुर्जर।

### पार्षद टेकचंद और चेयरमैन में तीखी बहस

वार्ड नंबर 17 से पार्षद टेकचंद गुर्जर ने एक पार्षद के लाइट नहीं लगवाने के मुद्दे का समर्थन किया। इस मामले में चेयरमैन का नाम बीच में आने पर चेयरमैन ने इस गलत ठहराया। इसको लेकर दोनों में तीखी बहस हुई। चेयरमैन ने कहा कि सभी वार्डों में समुचित विकास हो रहा है। ऐसे में उनका यह कहना गलत है। वहीं, पार्षद ने कहा कि वार्ड में काम होते हैं और उन्हें पता नहीं होता। इसका जवाब अधिकारियों ने दिया और कहा कि पार्षद की सहमति के बाद ही टेंडर लगाए जाते हैं। वहीं, पार्षद टेकचंद गुर्जर ने कहा कि मेंटनेंस का पैसा बचा है। लेकिन नालों की रिपयेरिंग सहित अन्य कार्य नहीं किए जा रहे। इस पर डीएमसी ने कहा कि मैं भी कई बार इस बारे में कह चुका हूं, जिस पर विधायक गीता भुक्कल ने कहा कि आपकी भी बात नहीं मानते। इन पर कार्रवाई करों। डीएमसी ने जवाब दिया कि सैलरी रोक ली है। तब विधायक गीता भुक्कल ने कहा कि सैलरी रोकना समस्या का समाधान नहीं है।

### कूड़ा डंपिंग प्वाइंट की कराएं विजिट : भुक्कल



विधायक गीता भुक्कल ने कहा कि शहर में कूड़े के ढेर लगे हैं। कूड़ा कहां डाला जाता है, यह बताएं और अगली मीटिंग से पहले डपिंग प्वाइंट की विजिट करवाएं ताकि स्थिति स्पष्ट हो सके। पूरे मामले की विजीलेंस जांच करवाने का मुद्दा भी विधानसभा में उठाया जाएगा। वहीं, विधायक गीता भुक्कल ने कहा कि शौचालय नहीं होने से महिला और पुरुष दोनों को परेशानी हो रही है। ऐसे मूवेबल शौचालयों की व्यवस्था की जाए और सब पर नंबरिंग की जाए। विधायक गीता भुक्कल ने कहा कि दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में लाइट लगाई जाएं ताकि वाहन चालकों को सुविधा हो और दुर्घटनाएं न हो। इसके अलावा नगर परिषद अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए स्टाफ क्वार्टर बनाने की भी बात कही।

### वकीलों को दी जा रही भारी भरकम फीस, रिजल्ट जीरो

मीटिंग के दौरान नप का कोई भी अधिकारी यह नहीं बता पाया कि कितने वकील नगर परिषद के पैनल पर है। विधायक ने कहा कि भारी भरकम फीस देने के बाद भी रिजल्ट जीरो है। पंडित श्रीराम शर्मा पार्क का मुद्दा भी उठाया।

### 42 करोड़ में से 18 करोड़ सरकारी अनुदान की आस

पास हुए 42.64 करोड़ रुपये के बजट में से सबसे ज्यादा फंड 18 करोड़ रुपये सरकारी अनुदान से आने की संभावना जताई गई है। इसके अलावा 6.65 करोड़ रुपये प्रॉपर्टी टैक्स से आने की उम्मीद है। हालांकि इस वर्ष करीब दो करोड़ रुपये ही इकट्ठा हुए हैं, जबकि उम्मीद 7.85 करोड़ रुपये की थी।



**झज्जर।** एडीसी जगनिवास के समक्ष बात रखते हुए पार्षद भागवंती देवी।

### पार्षद भागवंती ने बंदर के पकड़े न जाने पर एडीसी जगनिवास से मांगा तल्ख जवाब

पूरी बैठक में वार्ड नंबर 19 से पार्षद भागवंती ने वार्ड से एक उत्पाती बंदर के न पकड़े जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि केवल एक ही बंदर ने चालीस से अधिक लोगों को काट लिया है। इसके कारण पूरे वार्ड में दहशत का माहौल है। एडीसी साहब आप फोन भी अटेंड नहीं करते, क्या आपका दायित्व नहीं बनता कि पार्षद का फोन उठाकर उनकी समस्या सुनें। उन्होंने कहा कि आपने फोन नहीं उठाया तब डीसी साहब को फोन किया, उन्होंने फोन अटेंड किया और समस्या के समाधान करने की बात कही। तब एडीसी जगनिवास इस मामले में सफाई देते हुए दिखाई दिए और ईओ को फोन पर बताने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया। लेकिन पार्षद नहीं रूकी और अपनी समस्या को बताया, तब सभी पार्षदों ने भी महिला पार्षद का समर्थन किया। वार्ड नंबर 12 के पार्षद नरेश कुमार ने भी बताया कि कोई भी अधिकारी जेई, एमई, एक्सईन व ईओ उनका फोन ही नहीं उठाते। ऐसे में पार्षद अपनी समस्याएं किसे बताएं। लोगों को उन्होंने जवाब देना है अधिकारियों को नहीं।

### वार्ड 9 में 16 महीनों में भी नहीं बनी सड़क

वार्ड नंबर 9 से पार्षद सुषमा देवी ने उनके वार्ड में गली नहीं बनने की शिकायत रखी। उनके पति तिलक राज ने कहा कि 16 महीनों से उनके वार्ड की एक भी गली नहीं बनी है। उन्होंने जेई के साथ स्वयं फीता उठाकर पैमाइश करवाई है। ऐसे में किस स्तर पर ढिलाई हो रही है, कोई पता नहीं। वार्ड पार्षदों की कोई अहमियत नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि कागजों में ही पैसा खर्च हो रहा है।

## अतिक्रमण पर 7 व पॉलीथिन रखने पर चार चालान काटे


**बहादुरगढ़।** पॉलीथिन रखने वाले दुकानदान के चालान करते अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

अतिक्रमण और पॉलीथिन के विरुद्ध मंगलवार को एक बार फिर शहर में कार्रवाई की गई। नगर परिषद और पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की संयुक्त टीम ने झज्जर रोड स्थित सब्जी मंडी, रेलवे रोड और अनाज मंडी में अभियान चलाया। इस दौरान अवैध पॉलीथिन मिलने पर चार दुकानदारों के चालान किए गए, तो वहीं अतिक्रमण फैला रहे सात दुकानों को भी चालान थमाए गए।

इस कार्रवाई का नेतृत्व नगर परिषद के एसडीओ जोगेंद्र सिंधु व सेनेट्री इंस्पेक्टर सुनील हुड्डा आदि ने किया। बाजार में अतिक्रमण कर अव्यवस्था फैला रहे दुकानदारों को कड़ी फटकार लगाई गई। इस दौरान दुकानों के बाहर सड़क पर रखा सामान जब्त किया गया। सब्जी और अनाज मंडी में प्लास्टिक पॉलीथिन मिलने पर पांच हजार रुपये के चार चालान किए गए। दुकानदारों को प्लास्टिक पॉलीथिन न बेचने की हिदायत दी गई।

वहीं बाजार में अतिक्रमण फैला रहे सात दुकानदारों के तीन हजार रुपये के चालान काटे गए। अधिकारियों ने दुकानदारों से कहा कि सड़क पर अतिक्रमण न करें और व्यवस्था बनाने में सहयोग करें। बता दें कि शहर के बाजारों में अतिक्रमण और अवैध पार्किंग की समस्या नासूर है। प्रशासन द्वारा कार्रवाई करने के दौरान तो असर दिखता है लेकिन कुछ समय बाद फिर से पहले जैसे हालात बन जाते हैं।

### 29 दिसंबर से लापता छात्र यशु का शव रोहतक से बरामद

## यशु के लापता होने पर मामा हौसला देने आता था घर, वही निकला हत्यारा

- नेहरू कॉलेज से ले गया था आरोपी, रोहतक आईएमटी में 5 फीट गड्ढा खोदकर निकाला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

सिलानी केसो गांव के 19 वर्षीय छात्र यशु चाहर 29 दिसंबर से लापता था। करीब डेढ़ माह बाद जब उसकी हत्या का राज खुला तो सब हैरान रह गए। यशु के लापता होने के बाद रिश्तेदारी में लगने वाला जो मामा हौसला बढ़ाने घर आ रहा था वहीं, उसका हत्यारोपी निकला। परिजनों को भरोसा नहीं हो रहा। सीआईए टीम ने छात्र यशु हत्याकांड का खुलासा कर आरोपी इंदरसेन निवासी बिगोवा चरखी दादरी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी इंदरसेन बाघपुर स्कूल में टीचर है और हाल में रोहतक रह रहा है। वह मृतक की मां के मामा का बेटा है। आरोपी ने यशु को नींद की गोलियां दी और गला घोंटकर हत्या के बाद उसका शव रोहतक आईएमटी में पांच फीट गहरे गड्ढे में दबा दिया। पुलिस ने शव बरामद कर लिया है। सीआईए प्रभारी निरीक्षक कर्मवीर ने बताया कि उप निरीक्षक संयम की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। वारदात में प्रयोग वेगनर कार भी पुलिस ने बरामद कर ली है। अभी आरोपी को रिमांड पर लिया गया है, जिसमें हत्या की वजह सामने आ सकती है।

मृतक की मां बबीता निवासी सिलानी केसो ने बताया कि उनका छोटा बेटा यशु बीती 29 दिसंबर को सुबह करीब 9 बजे नेहरू कॉलेज में पेपर देने के लिए घर से निकला था। सुबह करीब 10:45 बजे उसने फोन कर बताया कि उसे एनसीसी क्लास लेनी है और वह तीन-चार बजे तक घर पहुंच जाएगा, लेकिन शाम करीब पांच बजे जब परिवार ने फोन किया तो मोबाइल बंद मिला, जिससे परिवार को चिंता हुई और उन्होंने उसकी तलाश शुरू कर दी।

### पिता व भाई के बाद यशु भी सेना में जाना चाहता था, कॉलेज में एनसीसी ली थी



यशु के घर में मां बबीता और बड़ा भाई अंकित है। अंकित भारतीय सेना में है। यशु भी सेना में जाना चाहता था। वह कॉलेज की एनसीसी टीम में शामिल था। चाचा संदीप ने बताया कि यशु के पिता विरेंद्र सिंह का 2008 में निधन हो गया था। वह भी भारतीय सेना में थे। लेह में ड्यूटी के दौरान उन्हें पैरालिसिस अटैक आया था। इसके बाद परिवार के लोग उन्हें घर ले आए थे। 2 साल बाद बीमारी के चलते उनका निधन हो गया था।

### यशु के नंबर से आरोपी ने 3 बार मैसेज किए

यशु के ताऊ सत्यपाल ने बताया कि 29 दिसंबर को यशु लापता हुआ था। 18 जनवरी को यशु के वॉट्सएप नंबर से परिवार को एक मैसेज आया। मैसेज करने वाला परिवार को डरा रहा था। इसके बाद 26 जनवरी और 15 फरवरी को आखिरी बार मैसेज आया।

### महक हत्याकांड में सीए पति का कबूलनामा

## पत्नी का साथी कर्मचारियों से बात करना नहीं था पसंद तो की हत्या

- आरोपी सीए को पुलिस ने दो दिन के रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बैंकर महक हत्याकांड में पुलिस ने खुलासा कर दिया है। महक का फोन पर साथी कर्मचारियों के साथ बातचीत करना पति अंशुल को अच्छा नहीं लगता था। यही अविश्वास व चरित्र पर संदेह सीए अंशुल के दिमाग पर हावी हो गया और उसने खौफनाक वारदात को अंजाम दे डाला। आरोपी अंशुल को बादली पुलिस ने पूछताछ के लिए अदालत से दो दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस वारदात में प्रयोग हथियार को रिकवर करने के साथ अन्य पहलुओं पर जांच करेगी।

हिसार के अंशुल की हांसी की महक के साथ करीब चाह माह पहले ही शादी हुई थी। दोनों संपन्न परिवार से थे और नौकरी कर रहे थे। अंशुल गुरुग्राम में सीए तो महक निजी बैंक में डिप्टी मैनेजर थी। परिजनों की मानें तो अब तक दोनों के बीच किसी तरह की ऐसी कोई बड़ी अनबन सामने नहीं आई थी कि ऐसी वारदात हो जाए। मामले में सामने आया है कि अंशुल को महक का फोन पर साथी कर्मचारियों से बात करना पसंद नहीं था। मामला नहीं थमा तो वह उसके चरित्र पर संदेह करने लगा। दोनों के बीच विश्वास की डोर कमजोर होती चली गई। हालांकि दोनों ने वेलेंटाइन डे मनाया लेकिन अगले ही दिन 15 फरवरी को हिसार से गुरुग्राम लौटते वक्त पाहसोर में जघन्य वारदात कर डाली। इतना ही नहीं, वारदात के बाद किसी राहगीर के जरिये पुलिस को सूचना दिलाई कि कुछ लोगों ने उनके साथ लूटपाट करते हुए पत्नी की हत्या कर दी है। हालांकि जांच में मामले की सच्चाई सामने आ गई है।

### रिमांड पर मिलेंगे जवाब



मंगलवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में बादली थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने कहा कि आरोपी ने वारदात कुबूल कर ली है। रिमांड अवधि में आरोपी से कई अहम सवालों के जवाब मिलने की संभावना है।


## जेईई मेंस के रिजल्ट में छाए झज्जर के होनहार, कई ने 99 परसेंटाइल प्राप्त किए


**झज्जर।** शिक्षकों के साथ उपस्थित जेईई मेंस के उत्तीर्ण विद्यार्थी।

## संस्कारम के 11 विद्यार्थियों ने जेईई मेंस में पाई सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास के 11 विद्यार्थियों ने जेईई मेंस में सफलता हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणामों में मुस्कान ने 99.13 परसेंटाइल और शुभम ने 99 परसेंटाइल के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया। इनके अलावा सभी विद्यार्थियों ने 95 परसेंटाइल से अधिक के साथ परीक्षा पास की। सफल विद्यार्थियों में नवांशु, तक्षशिखा, साइना, अनुज, कुनाल सिवाच, विधि, इरफान खान, कनिका व नीतिका चाहार शामिल है। इस उपलब्धि पर संस्कारम ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षक टीम को बधाई दी। उन्होंने विश्वास जताया कि ये विद्यार्थी भविष्य में देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश पाकर समाज और देश का नाम रोशन करेंगे।




**झज्जर।** पेस संस्थान में शिक्षकों के साथ उपस्थित जेईई मेंस के उत्तीर्ण विद्यार्थी।

## पेस के रूपेश ने जेईई मेंस में 99.4 परसेंटाइल लेकर चमकाया नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

पेस संस्थान के कई विद्यार्थियों ने जेईई मेंस में सफलता हासिल की है। संस्थान निदेशक जय विकास ने बताया कि रूपेश ने 99.4 परसेंटाइल हासिल कर जहां संस्थान के लड़कों में टॉप किया वहीं महक 98.7 परसेंटाइल के साथ लड़कियों में प्रथम रही। रेयांश कटारिया, नीवं, अभिषेक, वंशिका, तन्नू, कंचन, सिमरन व नमित से 95 परसेंटाइल से अधिक, दिव्य हुड्डा, लोकेश व दीपांशु ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस सफलता का श्रेय उन्होंने विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के विश्वास तथा अनुभवी शिक्षक जगदीश, राज गुप्ता, विशाल, सचिन, विकास, रविंद्र, कोर्डिनेटर संदीप, विजय राणा व कंप्यूटर ऑपरेटर अक्षय को दिया। चेयरमैन युद्धवीर, मैनेजिंग डायरेक्टर सुमित चावला, संदीप, हरीश व अश्वनी ने भी उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की।

## एचडी स्कूल के 20 विद्यार्थियों के आए 90 परसेंटाइल से अधिक अंक




- भावी मान ने 99 .44 परसेंटाइल हासिल कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर


एचडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल साल्हावास के विद्यार्थियों ने जेईई मेंस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। संस्थान के 20 विद्यार्थियों ने 90 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए, जिनमें भावी मान ने 99.44 परसेंटाइल हासिल कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। एचडी ग्रुप के निदेशक रमेश गुलिया ने बताया कि भावी मान ने अपनी मेहनत और लगन से यह उपलब्धि हासिल की है। इसके अलावा विनीत गर्ग ने 98.6, हेमंत शर्मा ने 98.4, पायल यादव ने 98.03, साक्षी ने 98, मानसी ने 97.2 तथा पायल ने 96.1 पर्सेंटाइल प्राप्त किया। जितिन, नवदीप, आर्यन, सार्थक, साहिल, वंशुल ने भी बेहतरीन परसेंटाइल के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। एचडी ग्रुप सचिव विशाल नेहरा, हेमंत गुलिया व प्राचार्य सतबीर सिंह ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

### तक्षशिला स्कूल के दो विद्यार्थी उत्तीर्ण



**झज्जर।** तक्षशिला विद्यापीठ स्कूल बेरी के दो छात्रों ने आईआईटी मेंस में सफलता हासिल कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। लोकेश ने 94 परसेंटाइल और इशांत ने 88 परसेंटाइल के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। इस उपलब्धि पर संस्थान निदेशक हरबीर डबास, चेयरमैन सुखबीर डबास व प्राचार्य नसीब अहलावत ने दोनों विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## आरईडी के छात्र आधार के 99.9 परसेंटाइल आए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

आरईडी ग्रुप ऑफ स्कूल्स के विद्यार्थियों ने जेईई मेंस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। संस्थान के विद्यार्थी आधार ने जहां 99.9 परसेंटाइल प्राप्त कर शानदार सफलता अर्जित की वहीं नमन ने 98 परसेंटाइल और शुभम ने 97.6 परसेंटाइल प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इसके अलावा रजत ने आरक्षित श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण कर जेईई एडवांस के लिए अपनी पात्रता सुनिश्चित की। विद्यालय निदेशक जितेंद्र सिंह अहलावत ने सभी सफल विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए इस सफलता को विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम बताया।